Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need to connect Sohagara Dham with Ramayan Circuit and development of other tourist places in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.-Laid

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सलेमपुर (उत्तर प्रदेश) पर्यटन की दृष्टि से काफ़ी पिछड़ा हुआ है । जबकि यहाँ पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं । मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से होकर राम जानकी पथ गुज़रता है जो रामायण सर्किट का हिस्सा है । राम जानकी पथ से केवल छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित सोहगरा धाम में एक पौराणिक शिव मंदिर है, जहाँ पर जनकपुर से अयोध्या जाते समय माता सीता ने महादेव शिव की पूजा अर्चना की थी, लेकिन इस पौराणिक मंदिर को रामायण सर्किट से नहीं जोड़ा गया है जिसके बिना रामायण सर्किट अधूरा है । इसके अलावा सोहगरा धाम से सटे हुए दिगेश्वरनाथ धाम, सोहनाग धाम एवं मईल चौराहा पर विश्व प्रसिद्ध संत देवराहा बाबा का आश्रम है । मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के बलिया में महान ऋषि और भृगु संहिता के रचयिता भृगु ऋषि का आश्रम है और बिहार की सीमा से लगे सोहनपुर में श्री राम जानकी मंदिर और एक विशाल तालाब है जिसे पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की आवश्यकता है । इन स्थानों को विकसित करने के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने हर सम्भव प्रयास किया है लेकिन अभी बहुत कुछ करने की ज़रूरत है । अतः मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ कि सोहगरा धाम को रामायण सर्किट से जोड़ने और सोहनाग धाम , दिगेश्वर नाथ धाम , देवराहा बाबा आश्रम मईल, श्री राम जानकी मन्दिर सोहनपुर और भृगु ऋषि आश्रम बलिया, को विकसित करने की कृपा करें । धन्यवाद ।